(vi) Need to formulate a policy for promoting export of mangoes from the country

डॉ. राजेश मिश्रा (वाराणसी) : दुनिया भर में पैदा होने वाले कुल आम की करीब 50 फीसदी से ज्यादा पैदावार भारत में होती है। इसी तरह दुनिया भर में पाई जाने वाली 1595 किस्मों में से एक हजार से ज्यादा किस्में भारत में पाई जाती हैं और दुनिया के सभी देशों, खासकर ब्रिटेन, अमेरिका, अरब अमीरात, कुवैत, सउदी अरब और कनाडा में भारत के आमों की बहुत ज्यादा मांग है। इन देशों को आम निर्यात से देश को करीब एक अरब डालर से ज्यादा आमदनी होती है। इसके बावजूद अफसोस है कि हमारे देश से आम के कुल उरव्पादन का सिर्फ 0.2 फीसदी आम एक्सपोर्ट होता है। सन् 1997-98 में 43 हजार मीट्रिक टन आम एक्सपोर्ट हुआ था जबिक सन् 1999-2000 में आम का एक्सपोर्ट घट कर सिर्फ 35 हजार मीट्रिक टन रह गया है। इसके बाद के सालों में भी आम एक्सपोर्ट अच्छा नहीं रहा।

इसलिए मेरा कृषि मंत्री से अनुरोध है कि वे राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के मार्फत आम को लंबे समय तक प्रिजरवेशन के ा।लए और देश से आम के निर्यात को बढ़ाने के ा।लए कोई कारगर नीति तैयार करें।